४. पत्र - लेखन

I. प्रश्न उत्तर

प्र.१. नागरिक किसे कहते है ?

उ. नागरिक का अर्थ है नगर में रहने वाला । पहले इस अर्थ में नागरिक शब्द का प्रयोग किया जाता. किन्तु आज नागरिक का यह संकुचित अर्थ नहीं लिया जाता था । आज देश में रहने वाला हर आदमी चाहे वह गाँव में रहे या नगर में नागरिक कहलाता है ।

प्र.२. नागरिक के कर्त्तव्य क्या - क्या है ।

उ. हर नागरिक देश का एक महत्वपूर्ण अंग है । वह देश का प्राण है । देश की उन्नति और प्रगति नागरिकों के सहयोग, निष्ठा एवं प्रयत्नों से ही सम्भव है । इसलिये यह आवश्यक है कि हर नागरिक अपने अधिकार और कर्त्तव्य के प्रति जागरूक रहे । अधिकार तभी सार्थक होंगे, जब नागरिक अपने कर्त्तव्यों का उचित पालन करें । नागरिकों के कर्त्तव्य निम्नलिखित हैं -

प्रत्येक नागरिक को दूसरे नागरिकों के अधिकारों का बराबर ध्यान रखना चाहिए । हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जिससे दूसरों के अधिकारों में बाधा पड़े । देश के नियम - कानूनों का पालन करना तथा विपत्ति में अपने स्वार्थ को भूलकर राष्ट्रहित में अपने को समर्पित करना, प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य बन जाता है । बाहरी आक्रमण और आन्तरिक अशान्ति के दिनों में सरकार आपात स्थिति की घोषणा करके वैयक्तिक अधिकारों को रद्द कर सकती है । ऐसी हालत में हमें देश को सर्वोपरि मानकर तन - मन - धन से सब स्वार्थ भाव त्यागकर, राष्ट्र की भलाई के काम में जुट जाना चाहिए ।

प्र.३. नागरिक के अधिकार और कर्त्तव्य क्या - क्या है ?

उ. हर नागरिक देश का एक महत्वपूर्ण अंग है । वह देश का प्राण है । देश की उन्नति और प्रगति नागरिकों के सहयोग, निष्ठा एवं प्रयत्नों से ही सम्भव है । इसलिये यह आवश्यक है कि हर नागरिक अपने अधिकारों तथा कर्त्तव्यों के प्रति हमेशा सचेत रहे । प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र की ओर से कुछ अधिकार प्राप्त हैं । नागरिकों के अधिकार तभी सार्थक हैं जब वे राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्यों का उचित ढंग से पालन करें । नागरिकों के अधिकार और कर्त्तव्य मिले - जुले हैं । प्रत्येक नागरिक का अधिकार दूसरें नागरिक के अधिकारों का बाधक न बनने पाए । अधिकार और कर्त्तव्य दोनों साथ - साथ चलते हैं दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं ।

***

I. विलोम शब्द लिखिए ।

१.	विशाल	X	संकुचित	५.	स्वागत	X	तिरस्कृत
२.	महत्वपूर्ण	X	महत्वहीन	६.	संभव	X	असंभव
३.	हमेशा	X	कभी - कभी	७.	स्वार्थ	X	निस्वार्थ
४.	स्थायी	X	अस्थायी	८.	उन्नति	X	अवनति

II. संधि - विच्छेद कीजिए ।

१.	प्रत्येक	=	प्रति	+	एक
२.	सर्वोपरि	=	सर्व	+	ऊपरि

III. प्रत्यय अलग कीजिए ।

			प्रत्यय				**प्रत्यय**
१.	नागरिक	-	इक	४.	बाहरी	-	ई
२.	भारतीय	-	ईय	५.	भलाई	-	आई
३.	स्वतंत्रता	-	ता				

IV. उपसर्ग अलग कीजिए ।

			उपसर्ग				**उपसर्ग**
१.	अधिकार	-	अधि	३.	समर्पित	-	सम्
२.	सकुशल	-	स	४.	प्रगति	-	प्र

V. वस्तुनिष्ठ प्रश्न - उत्तर ।

१. हम सब किसके नागरिक है ?

उ. भारत

२. रमेश कुमार ने किसको पत्र लिखा ?

उ. भाई जयरामन को ।

३. मतदान के लिए कितने साल की उम्र का होना चाहिए ।

उ. १८ साल ।

४. देश का मुख्य अंग कौन है ?

उ. देश का नागरिक ।

५. रमेश कुमार कहाँ रहते है ।

उ. हैदराबाद में ।

६. रमेश कुमार ने अपने भाई को किसका पूरा ध्यान रखने के लिए लिखा ?

उ. स्वास्थ्य का ।

७. हमें अपने अधिकारों का क्या करना चाहिए ।

उ. सदुपयोग

८. भारत के नागरिकों को क्या कहते है ?

उ. भारतीय

९. आज नागरिक का ..... अर्थ नही लिया जाता ?

उ. संकुचित

१०. किसने नागरिक को अपने विचार प्रकट करने की स्वतंत्रता दे रखी है ?

उ. भारतीय संविधान ।

११. नागरिक को किसके प्रति सदा सचेत रहना चाहिए ।

उ. अधिकार और कर्त्तव्य

१२. अधिकार और कर्त्तव्य कैसे है ?

उ. परस्पर मिले जुले ।

१३. बाहरी आक्रमण या आन्तरिक अशांति के दिनों में सरकार किसकी घोषणा करती है ।

उ. आपात स्थिति ।

१४. आपात स्थिति में सरकार नागरिक के किन अधिकार को रद्द कर सकती है ?

उ. वैयक्तिक

१५. नागरिकों अपने अधिकार और कर्त्तव्यों के प्रति सदा कैसे रहना चाहिए ।

उ. सचेत

१६. जयरामन किस नगर में पढ़ रहा है ?

उ. वरंगल

१७. प्राचीन काल में नागरिक का अर्थ क्या था ?

उ. नगर में रहने वाला ।

१८. देश की उन्नति किन के कंधों पर है ?

उ. नागरिकों के ।

***